बरेली, बुधवार
30 जुलाई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

PAGE NO.- IV : MIDDLE

## यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में भाग लेंगे 30 जिलों के 400 खिलाड़ी

जासं, बरेली : 12वां श्रीराम मूर्ति मेमोरियल और तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट पहली अगस्त से श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलोजी परिसर में शुरू होगा। तीन दिवसीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के निर्देशन, डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन बरेली के सहयोग से होगा। इस टूर्नामेंट में शामिल होने बालक एवं बालिका की 12 कैटेगरी में 650 मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, गाजियाबाद, आगरा, रेनुकोट, अलीगढ़, झांसी, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर, मुरादाबाद और बरेली सहित 30 जिलों से करीब 400 खिलाड़ी शामिल होंगे। यह जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का समापन तीन अगस्त रविवार दोपहर एक बजे पुरस्कार वितरण से किया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन बरेली के सचिव डा. दीपेंद्र कमथान के अनुसार मुख्य निर्णायक की जिम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय ब्लू बैज अंपायर अमित सिंह निभा रहे हैं।